भोपाल | रविवार | 28 जून 2026 | वर्ष 70 | अंक 155 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


2 छोटे स्वास्थ्य केन्द्र होंगे डिजिटल


4 सोना, सज्जन और दरार वाला घड़ा


9 फीफा 2026 में 4 बड़े धमाकेदार मुकाबले


11 म.प्र. के जीआई उत्पादों का सच : अवसरों की फसल, लाभ की प्रतीक्षा

# अब महाराष्ट्र में पेपर लीक

## आज थी टीईटी परीक्षा, हुई रद्द

**4** लाख से अधिक अभ्यर्थी प्रभावित

**1428** परीक्षा केंद्र थे

▸ 2,26,263 ऐसे शिक्षक शामिल थे जो पहले से सेवा में हैं



**मुंबई,27 जून. महाराष्ट्र में शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे लाखों अभ्यर्थियों को बड़ा झटका लगा है.28 जून को आयोजित होने वाली महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा का प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही लीक होने की आशंका के चलते परीक्षा को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है. राज्य शिक्षा विभाग और महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद ने परीक्षा रद्द करने की घोषणा करते हुए कहा है कि नई परीक्षा तिथि जल्द घोषित की जाएगी.**

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार तड़के करीब चार बजे गुप्त सूचना मिलने पर भिवंडी पुलिस ने ठाणे जिले के एक क्षेत्र में छापेमारी की. जांच के दौरान संदिग्धों के पास से मिले प्रश्नपत्रों का मिलान परीक्षा परिषद के अधिकारियों द्वारा किया गया, जिसमें वे मूल टीईटी प्रश्नपत्र से मेल खाते पाए गए. इसके बाद भिवंडी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया और जांच शुरू कर दी गई. पुलिस ने इस मामले में कम से कम तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है.राज्य परीक्षा परिषद ने बताया कि इस परीक्षा के लिए लगभग 4.28 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था. पूरे महाराष्ट्र में 1,428 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जानी थी. इनमें 2,26,263 ऐसे शिक्षक शामिल थे जो पहले से सेवा में हैं और आवश्यक टीईटी योग्यता प्राप्त करने के लिए परीक्षा देने वाले थे. शेष अभ्यर्थी शिक्षक बनने की उम्मीद लेकर इस परीक्षा में शामिल होने वाले थे.पेपर लीक की घटना ने राज्य की परीक्षा प्रणाली और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. हाल ही में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आए पेपर लीक मामलों के बाद परीक्षा परिषद ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए थे, लेकिन इसके बावजूद प्रश्नपत्र लीक होने की घटना ने व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है.

### लगातार दूसरी बार हुई ऐसी घटना

गौरतलब है कि वर्ष 2025 में भी महाराष्ट्र टीईटी का प्रश्नपत्र कोल्हापुर से लीक होने का मामला सामने आया था. लगातार दूसरी बार हुई ऐसी घटना से अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी है. परीक्षार्थियों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और भविष्य में पारदर्शी एवं सुरक्षित परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है. शिक्षा विभाग ने भरोसा दिलाया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा नई परीक्षा तिथि जल्द घोषित की जाएगी.

# रोहित को मिली धमकी

**मुंबई, 27 जून. फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी एक बार फिर सुरक्षा कारणों से सुर्खियों में हैं. शनिवार सुबह उन्हें एक धमकी भरा फोन कॉल आया, जिसमें कथित रूप से 20 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की गई.इस घटना के बाद मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच ने जांच तेज कर दी है.**



20 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग, जांच जारी

कॉल करने वाले की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और यह भी जांच का विषय है कि क्या इसके पीछे किसी संगठित गिरोह का हाथ है.पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुरुआती जांच में इस बात की भी पड़ताल की जा रही है कि क्या यह धमकी पहले हुए हमले से जुड़ी है या किसी अलग गिरोह की साजिश है.




पासपोर्ट के नागरिकता का सबूत होने के बारे में!

# भारत-सेशेल्स के संबंध होंगे और मजबूत

▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेशेल्स पहुंचे

▸ राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे मोदी

**विक्टोरिया/नई दिल्ली, 27 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर सेशेल्स पहुंच गए हैं, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया. सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने एयरपोर्ट पर स्वयं पहुंचकर प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया.**



पीएम मोदी ने इस स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक महत्वपूर्ण समुद्री साझेदार और करीबी मित्र है.सेशेल्स पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी तथा आपसी सहयोग को नई दिशा देगी. उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंध साझा हितों और आपसी विश्वास पर आधारित हैं.यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. यह अवसर दोनों देशों के कूटनीतिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में और भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है. प्रधानमंत्री ने कहा कि यह यात्रा ग्लोबल साउथ के देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की दिशा में भी अहम कदम है.

## ◂ एक नजर में ▸

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सियासी घमासान

**नई दिल्ली.** 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर राजनीतिक विवाद लगातार गहराता जा रहा है. कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि इस अभियान के दौरान शहीद हुए छह जवानों की जानकारी को कथित तौर पर छिपाया गया, जिससे न केवल देश के वीर सैनिकों का अपमान हुआ बल्कि संसद को भी गुमराह किया गया. कांग्रेस का कहना है कि सरकार ने पूरे मामले में पारदर्शिता नहीं बरती और महत्वपूर्ण तथ्यों को जनता से दूर रखा गया.वहीं केंद्र सरकार ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है.

### ड्रग्स के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया

**नयी दिल्ली.** दिल्ली पुलिस के उत्तर-पश्चिम जिला नशीले पदार्थ-रोधी दस्ते ने अंतर-राज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए उसकी तस्करी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके पास से 1.525 किलोग्राम चरस और 3.8 किलोग्राम गांजा बरामद किया है. जब्त की गयी चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 50 लाख रुपये आंकी गयी है. पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर 11 जून को भलस्वा मेट्रो स्टेशन के पास जाल बिछाया.

# वेनेजुएला में मृतकों की संख्या 920 पहुंची

▸ भारत ने शुरू किया 'ऑपरेशन अमिस्ताद'

**कराकास,27जून. वेनेजुएला के उत्तरी हिस्से में बुधवार रात आए 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो शक्तिशाली भूकंपों ने व्यापक तबाही मचाई है.**

दोनों झटके एक मिनट से भी कम समय के अंतराल पर आए, जिससे राजधानी कराकास सहित कई राज्यों में बड़ी संख्या में इमारतें और मकान ढह गए. इस भीषण प्राकृतिक आपदा में अब तक 920 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि लगभग 3,000 लोग घायल बताए जा रहे हैं। राहत एवं बचाव दल लगातार मलबे में दबे लोगों को निकालने में जुटे हैं. सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में कराकास और तटीय शहर ला-गुआइरा शामिल हैं. यहां कई इमारतें पूरी तरह ध्वस्त हो गईं और मलबे में फंसे लोगों की मदद के लिए गुहार सुनाई दे रही है.



> इस बीच भारत ने वेनेजुएला की सहायता के लिए 'ऑपरेशन अमिस्ताद' शुरू किया है. विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय वायुसेना के दो सी-17 ग्लोबमास्टर विमान राहत सामग्री और 41 सदस्यीय बचाव दल के साथ वेनेजुएला रवाना हुए हैं. सहायता सामग्री में 30 टन राहत सामग्री, 6 टन दवाएं एवं चिकित्सा उपकरण, भारतीय सेना का फील्ड अस्पताल, एक आत्मनिर्भर चिकित्सा दल तथा दो भीष्म क्यूब पोर्टेबल अस्पताल शामिल हैं.

## अफगानिस्तान में 6.2 तीव्रता का भूकंप

**अफगानिस्तान.** अफगानिस्तान में शनिवार शाम 7:04 बजे 6.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके भारत के कई हिस्सों में भी महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से लगभग 215 किलोमीटर की गहराई में था। राष्टीय भूकंप विज्ञान केंद्रके अनुसार, यह भूकंप अफगानिस्तान में आया लेकिन इसकी गहराई और तीव्रता के कारण इसके झटके दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचे.भारत में सबसे ज्यादा असर जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के गुरुग्राम में देखने को मिला, जहां लोगों ने हल्के से मध्यम कंपन महसूस किए.

# चांदी की ईंटें और आभूषण सुरक्षित

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का बयान

**अयोध्या,27 जून. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है कि श्रद्धालुओं द्वारा प्रभु श्रीराम की सेवा में अर्पित किए गए सभी आभूषण, चांदी की ईंटें तथा अन्य मूल्यवान सामग्री पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनका विधिवत हिसाब रखा गया है.**

ट्रस्ट ने हालिया घटनाओं और लगाए जा रहे आरोपों पर हैरानी जताते हुए भक्तों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है.हाल के दिनों में सिंधी समाज द्वारा एक वीडियो जारी कर दावा किया गया था कि उन्होंने ट्रस्ट को लगभग 200 चांदी की ईंटें दान की थीं, लेकिन उन्हें इसकी कोई रसीद नहीं दी गई. इस वीडियो के सामने आने के बाद ट्रस्ट की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठे थे.



> ट्रस्ट की ओर से स्वामी गोविंददेव गिरी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि मंदिर से जुड़ी हालिया घटनाओं से ट्रस्ट आहत और दुखी है. बयान में कहा गया, 'हम सभी रामभक्तों और सेवकों के प्रतिनिधि के रूप में यह सुनिश्चित करते हैं कि मामले की निष्पक्ष और न्यायपूर्ण जांच की जाएगी तथा श्रद्धालुओं को पूरी तरह आश्वस्त किया जाएगा.

# आईआईटी बॉम्बे अमेरिका में अपना पहला विदेशी सब-कैंपस खोलेगा

**मुंबई,27 जून. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी बॉम्बे अब अपने अंतरराष्ट्रीय विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है. रिपोर्ट के अनुसार, संस्थान अपना पहला विदेशी सब-कैंपस अमेरिका में खोलने की तैयारी कर रहा है, जो न्यूयॉर्क राज्य के ओल्ड वेस्टबरी में स्थापित किया जाएगा. इसके लिए स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क के साथ सहयोग किया जाएगा.**

इस प्रस्तावित पहल के तहत आईआईटी बॉम्बे एक अमेरिकी पब्लिक यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग विभाग शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है.

यह यूनिवर्सिटी पहले से ही आर्ट्स, साइंस और बिजनेस जैसे विषयों में विभिन्न कोर्स संचालित करती है. इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य इंजीनियरिंग, मल्टी-डिसिप्लिनरी रिसर्च, टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य उभरते क्षेत्रों में संयुक्त शोध और शिक्षा को बढ़ावा देना है.

# दद्दा घाट में तीन किशोरों की डूबने से मौत



**जबलपुर,27 जून. तिलवारा थाना क्षेत्र स्थित दद्दा घाट में शनिवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया. नहाने पहुंचे तीन किशोर गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई.जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 3 बजे मुजावर मोहल्ला, गढ़ा निवासी तीन किशोर दद्दा घाट पर नहाने पहुंचे थे.**

नहाने के दौरान वे घाट के पास वाटर प्लांट क्षेत्र में चल रही खुदाई वाले गहरे हिस्से तक पहुंच गए, जहां पानी अधिक गहरा होने के कारण तीनों डूब गए.मृतकों की पहचान 16 वर्षीय राजा खान, 18 वर्षीय साहिल खान और एक अन्य किशोर साहिल के रूप में हुई है. तीनों मुजावर मोहल्ला, गढ़ा स्थित सूपाताल क्षेत्र के रहने वाले थे.

### इनका कहना है

तिलवारा थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. एसडीआरएफ टीम के आने से पहले स्थानीय नाविकों और आसपास मौजूद युवकों ने रेस्क्यू कर तीनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी.



# जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में विस्फोट, एक की मौत

**श्रीनगर, 27 जून. उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग के फॉरवर्ड एरिया में आशा पोस्ट के पास शानिवा को विस्फोट होने की घटना सामने आई। इस हादसे में एक नागरिक की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। यह शेल कथित तौर पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इलाके में गिरा हुआ था, जो आज अचानक फट गया। विस्फोट के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।**

स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है. फिलहाल इस घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस और सेना की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी है और मामले की जांच के बाद ही विस्तृत जानकारी सामने आने की बात कही गई है।

पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकियों की अंधाधुंध गोलीबारी में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय घोड़े वाले (पोनीवाला) समेत कुल 26 बेकसूर लोग मारे गए थे। इस क्रूर हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने 7 मई, 2025 की सुबह ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।

> भारतीय सेना ने सीमा पार जाकर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया, जिसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए थे।

# बेटियों को शिक्षा का तोहफा

**लखनऊ, 27 जून. आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को निजी स्कूलों में पढ़ाई के लिए राहत देने की दिशा में प्रदेश सरकार ने तैयारी तेज कर दी है.**



निजी स्कूलों में पढ़ने वाली दूसरी बेटी की ट्यूशन फीस माफ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के तहत ऐसे परिवारों की एक से अधिक बेटियां यदि निजी विद्यालय में पढ़ रही हैं तो दूसरी बेटी की ट्यूशन फीस माफ करने या उसकी प्रतिपूर्ति सरकार द्वारा किए जाने की योजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है. इस संबंध में महिला कल्याण विभाग ने एक जुलाई को उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है. बैठक से पहले माध्यमिक शिक्षा विभाग ने सात प्रमुख जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआईओएस) से निजी विद्यालयों की ट्यूशन फीस का विस्तृत ब्योरा मांगा है.


संयुक्त सचिव माध्यमिक शिक्षा संजय कुमार ने कानपुर नगर, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, सहारनपुर और लखनऊ के डीआईओएस को पत्र भेजकर... ▸ शेष पेज 12 पर

**कांग्रेस संगठन** ▸ छह महासचिवों, सात प्रभारियों, तीस सचिवों व छह प्रदेशाध्यक्षों की हो सकती है छुट्टी

# युवा जोश के साथ बहुजन विचार का फार्मूला

**प्रवेश कुमार मिश्र**

**नई दिल्ली,27 जून. कांग्रेस पार्टी में संगठन का सबसे बड़ा और निर्णायक पुनर्गठन आरंभ हो गया है. कहा जा रहा है कि सांगठनिक सर्जरी के माध्यम से पार्टी यह सीधा संदेश देना चाहती है कि अब पार्टी में केवल वफादारी व गणेश परिक्रमा नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस व जवाबदेही ही पद पर बने रहने का एकमात्र पैमाना होगी.**



इतना ही नहीं संगठन पुनर्गठन में महिलाओं, युवाओं के साथ-साथ बहुजन विचार व जनसंख्या के आधार पर सामाजिक समीकरण को साधते हुए सांगठनिक लोकतंत्र को मजबूत किया जाएगा.

पिछले दिनों अचानक उत्तर प्रदेश, हरियाणा व उड़िसा के लिए नए प्रभारी की नियुक्ति कर पार्टी ने अपनी भावी रणनीति को रेखांकित करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रभारियों की नियुक्ति में भी स्थानीय समीकरणों को महत्व दिया जाएगा. सूत्रों की माने तो उदयपुर चिंतन शिविर के 50 अंडर 50 यानी 50 फीसदी पद 50 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को सौंपने के सिद्धांत और जितनी आबादी, उतना हक के नारे को अब पहली बार पार्टी के आंतरिक ढांचे में... ▸ शेष पेज 12 पर

### वैचारिक बदलाव का संकेत

कांग्रेस का यह फेरबदल महज कुछ चेहरों को इधर से उधर करना नहीं, बल्कि एक गहरे वैचारिक बदलाव का संकेत है. क्योंकि पार्टी अब समझ चुकी है कि केवल संविधान खतरे में है का नारा चुनाव नहीं जिता सकता, बल्कि संगठन के भीतर वरिष्ठों के साथ युवाओं, महिलाओं और वंचितों को भी सत्ता का वास्तविक हिस्सा देना होगा.